## प्रारुप–11

**परियोजना विवरण :– केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत जनपद देहरादून में विकासखण्ड डोइवाला के अन्तर्गत थानो भोगपुर मोटर मार्ग के किमी0 3 पर 240 मीटर पी0एस0सी0 मोटर सेतु का निर्माण कार्य।**

### प्रतिवेदन

### (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

उन्नत कृषि भूमि होने के कारण क्षेत्र की जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन है, परन्तु यातायात की सुविधा न होने से कास्तकारों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। साथ ही यातायात के साधन न होने से राज्य सरकार द्वारा घोषित् विभिन्न विकास कार्य भी क्षेत्र में सुगमता पूर्वक संचालित नहीं हो पाते है। रोजगार के अन्य साधन उपलब्ध न होने से बेरोजगार युवाओं का शहरों की ओर पलायन हो रहा है। सेतु का निर्माण हो जाने से जहां युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त हो सकेंगे, वहीं सरकार की विकास योजनायें भी सुगमता से संचालित हो सकेंगी। विस्तृत सर्वेक्षण के उपरान्त इस सेतु के पहुच मार्ग की लम्बाई 0.580 किमी0 आती है। प्रस्ताव वन भूमि में 17.00 मी0 चौड़ाई में प्रत्यावर्तन हेतु गठित किया है। गठित प्रस्ताव के अन्तर्गत सेतु निर्माण हेतु निम्नानुसार भूमि वर्गीकृत है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आरक्षित वन भूमि | 0.9860 | है0 |
| 2 | वन पंचायत | 0.0000 | है0 |
| 3 | सिविल भूमि | 0.0000 | है0 |
| | **कुल वन भूमि** | **0.9860** | **है0** |
| 4 | नाप भूमि | 0.0000 | है0 |

उपरोक्तानुसार भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव न्यूनतम लम्बाई एवं चौड़ाई में गठित किया गया है तथा उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य न्यूनतम समरेखण की सम्भावना नहीं है। प्रस्तावित सेतु के निर्माण से कास्तकारों को फसलें व अन्य सामग्री लाने – ले जाने की सुविधा उपलबध होगी।

अतः थानो भोगपुर मोटर मार्ग के किमी0 3 पर 240 मीटर पी0ए0सी0 सेतु का निर्माण के निर्माण हेतु 0.986 है0 वन लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड सरकार को हस्तान्तरण हेतु प्रस्ताव गठित कर प्रेषित है।

अपर सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0
ऋषिकेश

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
ऋषिकेश

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
ऋषिकेश

**वन क्षेत्राधिकारी**
**थानो रेंज**
**देहरादून वन प्रभाग**

उप प्रभागीय वनाधिकारी
ऋषिकेश
देहरादून वन प्रभाग देहरादून

प्रभागीय वनाधिकारी
देहरादून वन प्रभाग,
देहरादून